घर-पर-सुरक्षित जीवनशैली में परिवर्तन

RSPCA New South Wales



क्या आप जानते हैं...

घर पर सुरक्षित रखी गई बिल्ली घूमने-फिरने के लिए खुली छोड़ दी गई बिल्ली की तुलना में औसत रूप से **10 साल ज्यादा** जी सकती है?

अगर आपकी बिल्ली फिलहाल इधर-उधर घूमती हो तो भी आप उसे घर पर सुरक्षित रहने की जीवनशैली अपनाने में मदद दे सकते हैं – पुरानी बिल्लियां भी नई चालें सीख सकती हैं! जब आप 'घर-पर-सुरक्षित' जीवनशैली की ओर परिवर्तन कर रहे हों तो अपनी बिल्ली को सफलता का बेहतरीन मौका देने के लिए इन आसान बिंदुओं का पालन करें। अपनी बिल्ली के साथ ज्यादा मजबूत रिश्ता कायम करने और उन्हें दुर्घटनाओं, चोट लगने की घटनाओं और बीमारियों से बचाने के लिए यह एक सार्थक प्रयास होगा।

यह प्रोजेक्ट NSW गवर्नमेंट के इन्वायरनमेंटल ट्रस्ट (Environmental Trust) के माध्यम से सहायता-प्राप्त है।

योजना बनाएं

बिल्लियां आदत के अनुसार व्यवहार करने वाली प्राणी हैं, इसलिए थोड़ी-सी योजना और थोड़े धैर्य से उनकी दिनचर्या बदलना बेहतर हो सकता है।

सबसे पहले तो यह सुनिश्चित करें कि आप अपनी बिल्ली की सभी जरूरतों को घर पर ही पूरा कर सकें। इसके अंतर्गत भोजन, पानी, टॉयलेट्स, सोने के लिए आरामदेह जगह, और छुपने, खरोंचने, ऊपर चढ़ने, पीछे भागने, खदेड़ने और झपटने (खिलौनों और खाने की वस्तुओं पर) जैसे उनके प्राकृतिक व्यवहारों को प्रकट करने के अवसर इत्यादि शामिल हैं।

आप अपनी बिल्ली को पूरी तरह घर के दायरे में या घर के भीतर और किसी बाड़े (एनक्लोज़र) या भागने से बचाव करने वाले बैकयार्ड में बाहर इन दोनों ही तरह से रखने की योजना बना सकते हैं। हालांकि यह हर बिल्ली के लिए उपयुक्त नहीं है लेकिन आप चाहें तो अपनी बिल्ली को हार्नेस के ऊपर चलने का प्रशिक्षण भी दे सकते हैं और इस तरह आप दोनों बाहर की दुनिया का लुत्फ़ उठा सकते हैं। आप चाहे जो भी विकल्प चुनें, घर पर रहकर जीवन जीना आपकी बिल्ली के लिए खुशनुमा, मनोरंजक और संतुष्टिदायक हो सकता है।

समय-निर्धारण ही सबकुछ है

घर पर रहने की नई आदत डालने में थोड़ा समय लग सकता है। इसे धीरे-धीरे होने दें – इस प्रक्रिया में 3-4 सप्ताह या इससे भी ज्यादा समय लग सकता है। नई दिनचर्या की आदत डालने के लिए अपनी बिल्ली को पर्याप्त समय देने से हताशा कम करने और सफलता की संभावना बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

शुरु में अपनी बिल्ली को रात में घर के भीतर रहने दें और बाद में धीरे-धीरे दिन के समय ज्यादा से ज्यादा वक्त उनके घर पर रहने का समय बढ़ाते चलें। आपकी बिल्ली किस समय प्राकृतिक रूप से भीतर रहना पसन्द करती है उस समय का लाभ उठाना भी परिवर्तन के इस दौर को आसान बना सकता है:

- **जब आप किसी नई बिल्ली या बिलौटे को घर लाएं**
- **घर बदलते समय।** घर बदलना नई दिनचर्या के साथ नए वातावरण से जुड़ने का एक अच्छा अवसर हो सकता है। साथ ही आप एक अपरिचित जगह में अपनी बिल्ली को खतरों से सुरक्षित भी रख सकेंगे।
- **जब खिलाने का समय हो।** जबतक वे घर के भीतर रहने की अभ्यस्त न हो जाएं, खाना खिलाने के बाद आपकी बिल्ली घर के भीतर जितना समय रहती है उस समय को धीरे-धीरे बढ़ाते जाएं।
- **जब बाहर सर्दी हो।** अपनी बिल्ली को घर के भीतर रहने की आदत डालने के लिए जाड़ा (सर्दी का मौसम) एक आदर्श समय है। जब बाहर सर्दी पड़ रही हो तो आपकी बिल्ली घर के भीतर आराम से आपसे चिपट कर रहना पसन्द कर सकती है।

आप अकेले नहीं हैं...

NSW में 50% से भी अधिक बिल्लियां पहले से ही 'घर-पर-सुरक्षित' जीवनशैली का आनन्द उठा रही हैं। ऐसे लोगों में आपके कुछ दोस्त, रिश्तेदार और पड़ोसी भी शामिल हो सकते हैं, यानी आप उस बिल्ली-प्रेमी से ज्यादा दूर नहीं हैं जो इस यात्रा में आपकी मदद कर सके।

और अधिक जानकारी, प्रोत्साहन, प्रेरणा तथा अपनी बिल्लियों को घर पर सुरक्षित रखने वाले बिल्ली-प्रेमियों के हमारे समुदाय में साइन-अप करने के लिए हमारी वेबसाइट देखें।

rspcansw.org.au/keeping-cats-safe

RSPCA New South Wales

NSW GOVERNMENT